# उत्तर प्रदेश बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में, **उत्तर प्रदेश ने राज्य को संभावित बाढ़ से बचाने के लिये व्यापक तैयारियाँ शुरू की हैं।**

- उन्होंने अधिकारियों को एक **मज़बूत बाढ़ प्रबंधन योजना** बनाने का निर्देश दिया है, जिसमें स्थानीय **निवासियों और पशुओं को सुरक्षित क्षेत्रों में शीघ्र स्थानांतरित करने पर ज़ोर दिया गया है।**

## मुख्य बिंदु:

- राज्य प्रशासन ने उत्तर प्रदेश को **तीन बाढ़ प्रबंधन क्षेत्रों** में विभाजित किया है: **29 अत्यधिक संवेदनशील ज़िले, 11 संवेदनशील ज़िले और 35 सामान्य ज़िले।**
  - **सिंचाई, कृषि और पशुपालन विभागों** के अधिकारियों की टीमें इन क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।
- तैयारी बढ़ाने के लिये सात **राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF)** टीमें, 18 **राज्य आपदा मोचन बल (SDRF)** टीमें और 17 **प्रांतीय सशस्त्र बल (PAC)** टीमें रणनीतिक रूप से तैनात की गई हैं।
  - राज्य सरकार ने आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिये 400 प्रतिबद्ध व्यक्तियों को **'आपदा मित्र'** तथा 10,500 स्वयंसेवकों को तैयार किया है।
  - इसके अलावा, तैयारियों को बढ़ाने के लिये सभी ज़िलों को विस्तृत बाढ़ तैयारी मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई गई है।

## राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (National Disaster Response Force- NDRF)

- यह **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** के तहत गठित एक भारतीय विशिष्ट बल है।
- भारत में आपदाओं के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी राज्य सरकारों की है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन के लिये केंद्र सरकार में **'नोडल मंत्रालय' गृह मंत्रालय (MHA)** है।
- **यह प्रशिक्षित पेशेवर इकाइयों को संदर्भित करता है जिन्हें आपदाओं के लिये विशिष्ट प्रतिक्रिया हेतु बुलाया जाता है।**

## आपदा मित्र योजना

- **परिचय:**
  - यह एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है जिसे मई 2016 में शुरू किया गया था। **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण** योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है।
  - यह आपदा-प्रवण क्षेत्रों में उपयुक्त व्यक्तियों की पहचान करने की एक योजना है, जिसमें आपदाओं के समय प्रथम आपदा मित्र अर्थात् बचाव कार्यों के लिये प्रशिक्षित किया जा सकता है।
- **उद्देश्य:**
  - योजना के तहत **समुदाय के स्वयंसेवकों को आपदा** के बाद अपने समुदाय की **तत्काल आवश्यकताओं को ध्यान के रखते हुए आवश्यक कौशल प्रदान करना** जिससे वे आकस्मिक बाढ़ और शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न बाढ़ जैसी **आपातकालीन स्थितियों के दौरान बुनियादी राहत एवं बचाव कार्य करने में सक्षम हो सकें।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-flood-management-programme